आजाद सिपाही

भारी मात्रा में 43 लाख का नकली शराब बरामद, एक गिरफ्तार

हजारीबाग। जिला के कटकमदाग थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात भारी मात्रा में शराब बरामद की है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन मामले की जानकारी दी।

पंकज कुमार ने बताया कि हुरूदाग गांव में एक व्यक्ति के जरिये नकली शराब बनाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस के जरिये टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इसी दौरान एक व्यक्ति को भी पुलिस पकड़ने में सफलता पाई। और दो फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम क्रिस्टोपाल हंस (22) बताया गया है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल, मोबाईल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब करीब 43 लाख रुपये का बरामद हुआ है। इसके अलावा कांच का खाली बोतल जिसमे नकली शराब भरकर बेचने का काम करते थे वह भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

Source: https://azadsipahi.in/01/2025/a-large-quantity-of-fake-liquor-worth-43-lakhs-recovered-one-arrested.html